## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, सहारनपुर।

पत्रांक एस.एस.ए./के.जी.बी.वी.चयन/ 2563-68 /2026–27 दिनांक 03/07/2026

### विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–1553/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक 11.12.2020 एवं शासनादेश संख्या–570148/2024/68–5099 /23/2024–50 दिनांक 28.05.2024 एवं शासनादेश संख्या–775757/2024/68–5099/23/2024–अनुभाग 5 दिनांक 21.10.2024, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के पत्रांक संख्या के.जी.बी.वी./8362/2020–21 दिनांक 04.01.2021 एवं पत्रांक संख्या के.जी.बी.वी. /7114/2024–25 दिनांक 28.10.2024 में दिये गये निर्देशो के अनुसार सत्र 2026–27 में जनपद में संचालित 09 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों व बालिका छात्रावास शैक्षिक एवं गैर– शैक्षणिक कर्मियों के कुल 14 रिक्त पदों एवं एकेडमिक ब्लॉक/बालिका छात्रावास में शैक्षिक एवं गैर– शैक्षणिक कर्मियों के कुल 18 रिक्त पदों के सापेक्ष नितान्त अस्थायी रूप से इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। जो केवल पंजिकृत डाक से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर बेरी बाग, सहारनपुर में दिनांक 18 जुलाई 2026 की सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

| क्र.सं. | पद का नाम | शैक्षिक योग्यता | आयु सीमा (01.04.26 को) | स्वीकृत मानदेय (रू.प्रतिमाह) | रिक्त पदो का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कुल पद | अनारक्षित | अन्य पिछडा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति |
| **कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों व बालिका छात्रावास में रिक्त पदो का विवरण** | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (हिन्दी) (महिला) | हिन्दी एवं संस्कृत विषय से प्रशिक्षित स्नातक (बी.एड.)/समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 25 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य | 25410.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 2 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर) (महिला) | प्रशिक्षित स्नातक (बी.एड.)/समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण के साथ पी.जी.डी.सी.ए./बी.सी.ए./बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी.ओ.ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ए लेवल डिप्लोमा | | 12790.00 | 2 | 1 | 1 | - | - |
| 3 | लेखाकार (महिला) | वाणिज्य स्नातक (बी0कॉम), एम0एस0 ऑफिस पर कार्य का ज्ञान एवं डोएक या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में ओ लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता की दशा में वरीयता प्रदान की जायेगी। | | 14357.00 | 1 | - | 1 | - | - |
| 4 | पूर्ण कालिक सहायक रसोईया (महिला) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा–8 उत्तीर्ण एवं किसी संक्रामक रोग से ग्रसित नही होना चाहिए। | | 6755.00 | 8 | 3 | 4 | 1 | - |
| 5 | चपरासी (महिला) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा–8 उत्तीर्ण | | 7505.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 6 | चौकीदार (महिला) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा–8 उत्तीर्ण | | 7505.00 | 1 | - | 1 | - | - |
| | **कुल** | | | | **14** | **6** | **7** | **1** | **-** |
| **कस्तूरबा गांधी बालिका एकेडमिक ब्लॉक व बालिका छात्रावास में रिक्त पदो का विवरण** | | | | | | | | | |
| 1 | प्रधानाचार्या (महिला) | (1) प्रशिक्षित एम.ए. (हिन्दी/अंग्रेजी) अथवा एम.एस.सी. भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/गणित/कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था में सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों में सम्बद्ध किसी संस्था की या किसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त है, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्षो का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्रापत किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रुप में कम सकम कम 04 वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम की न हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में 10 वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या 15 वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या<br>(3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी; प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | 30 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य | 30000.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 2 | पीजीटी हिन्दी (महिला) | हिन्दी में एम0ए0 तथा संस्कृत के साथ बी0ए0 अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कॉलेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी (वरीयमान अर्हता प्रशिक्षित) | | 22000.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 3 | पीजीटी अंग्रेजी (महिला) | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कॉलेज से एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता (वरीयमान अर्हता प्रशिक्षित) | | 22000.00 | 1 | 1 | - | - | - |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | पीजीटी गणित (महिला) | 1. एम0ए0 अथवा एम0एस0सी0 गणित<br>अथवा<br>2. गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी0ए0 (ऑनर्स) अथवा बी0एस0सी0 (ऑनर्स)<br>(वरीयमान अर्हता प्रशिक्षित) | | 22000.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 5 | पीजीटी जीव विज्ञान (महिला) | 1. वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम0एस0सी0<br>अथवा<br>2. कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में जन्तु विज्ञान<br>अथवा<br>3. कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में वनस्पति विज्ञान<br>अथवा<br>4. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कॉलेज से एम0एस0सी0 (लाइफ साइंस)<br>अथवा<br>5. किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कॉलेज में शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0<br>(वरीयमान अर्हता प्रशिक्षित) | | 22000.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 6 | पीजीटी रसायन विज्ञान (महिला) | 1. रसायन विज्ञान में एम0एस0सी0<br>अथवा<br>2. रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी0एस0सी0 (आनर्स)<br>अथवा<br>3. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कॉलेज से स्नातकोत्तर (बायोमैट्रिक)<br>अथवा<br>4. किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कॉलेज में शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0<br>(वरीयमान अर्हता प्रशिक्षित) | | 22000.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 7 | पीजीटी भौतिक विज्ञान (महिला) | 1. एम0एस0सी0 (भौतिक शास्त्र)<br>अथवा<br>2. किसी विश्वविद्यालयै या डिग्री कॉलेज में शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0<br>(वरीयमान अर्हता प्रशिक्षित) | 25 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य | 22000.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान (महिला) | 1. एम0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान)<br>अथवा<br>2. बी0ई0/बी0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से<br>अथवा<br>3. एम0सी0ए0 अथवा एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेवल ऑफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0<br>अथवा<br>4. स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से<br>अथवा<br>5. स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से)<br>अथवा<br>स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल ऑफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 | | 22000.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 9 | लैब असिस्टेन्ट (महिला) | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग साथ एवं लेबोरेट्री तकनीक में डिप्लोमा<br>अथवा<br>मान्यता प्राप्त बोर्ड से इएटरमीडिएअ–विज्ञान वर्ग के साथ | | 7147.00 | 3 | 1 | 1 | 1 | - |

SarkariResult.Com

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/लिपिक (महिला) | 1. माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2. माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के साथ-साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रुप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर संचालन डोएक/एन0आई0ई0एल0आई0टी0 द्वारा प्रदत्त सी0सी0सी0 प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री<br>3. कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | 12430.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 11 | पूर्णकालिक केयरटेकर (महिला) | परास्नातक एवं बी0एड0 | 24200.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 12 | पूर्णकालिक सहायक रसोईया (महिला) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा-8 उत्तीर्ण एवं किसी संक्रामक रोग से ग्रसित नही होना चाहिए। | 6755.00 | 3 | 1 | 1 | 1 | - |
| 13 | चपरासी (महिला) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा-8 उत्तीर्ण | 7505.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| 14 | चौकीदार (महिला) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा-8 उत्तीर्ण | 7505.00 | 1 | 1 | - | - | - |
| | कुल | | | 18 | 14 | 2 | 2 | - |

आवश्यक निर्देश/अर्हता –

1- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (कक्षा-6 से 8) का पाठ्यकम बेसिक शिक्षा परिषद उ.प्र. द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के समरुप है, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार 2009 की धारा 19 एवं 25 में वर्णित मान एवं मानको की अनुसूची के अनुसार ही शिक्षिका का चयन किया जायेगा।

2- प्रधानाचार्या के पद हेतु आयु 01 अप्रैल 2026 को आयु न्यूनतम 30 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष एवं अन्य समस्त पदों हेतु आयु 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम 25 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी अनिवार्य है, उपरोक्त निर्धारित अर्हता रखते हो।

3- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) के रिक्त पदो हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की ऐसी शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रहे हो, उन्हे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए 02 अंक अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा। किन्तु अधिकतम भारांक 30 अंक से अधिक नही दिया जायेगा। आवेदक को तत्सम्बंधी तत्समय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4- उपरोक्त समस्त पदों में आरक्षण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्राविधानों के अर्न्तगत देय होगा।

5- किसी सेवा मे बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होगें।

6- समस्त पद पर महिला अभ्यर्थियों का ही नवीन चयन किया जायेगा। पूर्णकालिक शिक्षिका, केयर टेकर एवं मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया को विद्यालय में ही निवास करना होगा। किन्तु परिवार की किसी अन्य सदस्य को विद्यालय परिसर में निवास की अनुमति नही होगी।

7- मुख्य रसोईया/सहायक रसोईया के पद हेतु अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं किसी संक्रामक रोग से ग्रसित नही होना चाहिए।

8- शैक्षणिक पदों हेतु अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु पदवार/विषयवार/वर्गवार पृथक-पृथक श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) बनायी जायेगी एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जायेगा।

9- आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप में फुलस्केप कागज पर ही ही पृष्ठ पर होना अनिवार्य है। अपूर्ण/अपठनीय /बिना फोटो एवं बिना हस्ताक्षर एवं निर्धारित प्रारूप से इतर आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा। इसके लिए सम्बंधित अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

10- एक लिफाफे मे केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर ऐसे सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगें। आवेदन के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम व विषय का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जायें।

11- आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व-प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र (के.जी.बी.वी. में अनुभव सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रहे), निवास प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी. का प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ अपना स्वयं का पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक हेतु निर्धारित शुल्क के डाक टिकट लगे हुए संलग्न करें। प्रमाण पत्र संलग्न न होने की दशा में आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

12- आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बेरी बाग, सहारनपुर में दिनांक 18 जुलाई 2026 की सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें। अन्य किसी माध्यम से अथवा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नही किया जायेगा।

14- उर्दू शिक्षिका/अंशकालिक शिक्षिका की कार्य अवधि विद्यालय में शिक्षण अवधि तक होगी।

15- रिक्तियों की संख्या घट-बढ सकती है।

16- उपरोक्त समस्त पदों पर चयन नितान्त अस्थाई संविदा के आधार पर अधिकतम 11 माह 29 दिन हेतु किया जायेगा, सेवा अनुबन्ध रू. 100/- के स्टाम्प पेपर पर किया जायेगा। यदि कर्मचारियों का कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक पाया जाता है तो पुनः नवीन अनुबन्ध जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन के उपरान्त किया जायेगा।

17- काउन्सिलिंग इत्यादि हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

18- समस्त पद मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार की प्रोजेक्ट अप्रूवल बैठक में दिये गये निर्देशो के अधीन होगें।

19- काउन्सिलिंग की सूचना अभ्यर्थियों के दूरभाष/मेल आई.डी. पर एवं पत्र/विज्ञप्ति के माध्यम से दी जायेगी।

20- चयनित विषय के अतिरिक्त योग्यता के आधार पर अन्य विषयों का भी शिक्षण कार्य लिये जाने का अधिकार बेसिक शिक्षा अधिकारी में निहित होगा।

21- पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका, केयर टेकर, लैब असिस्टेन्ट, कार्यालय अधीक्षक/लिपिक एवं लेखाकार के पद पर चयन हेतु भारांक/गुणवत्ता अंको का निर्धारण निम्न प्रकार किया गया है–

| परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|
| हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का %×10/100 |
| इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का %×10/100 |
| स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का %×20/100 |
| परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का %×20/100 |
| प्रशिक्षण योग्यता | परीक्षा में प्राप्तांक का %×30/100 |
| भारांक के.जी.बी.वी. में शिक्षक के रुप में कार्यरत अनुभव | प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिए 2 अंक, अधिकतम 30 अंक तक, जो भी कम हो |

22- प्रत्येक पद के सापेक्ष यथासम्भव 05 अभ्यर्थियों को प्रतीक्षारत रखते हुए विषयवार/आरक्षणवार वरीयता सूची तैयार की जायेगी। इस प्रकार एक पद के सापेक्ष कुल 06 अभ्यर्थियों को काउंसलिंग हेतु बुलाया जायेगा।

23- चयन के सम्बंध में जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय ही अंतिम निर्णय माना जायेगा एवं शासनादेश संख्या–1553/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक 11 दिसम्बर 2020, शासनादेश संख्या 570148/2024 दिनांक 28.05.2024, शासनादेश संख्या 775757/2024 दिनांक 28.10.2024 एवं पत्रांक संख्या के.जी.बी.वी./7114/2024–25 दिनांक 28.10.2024 में दिये गये निर्देशो के अनुसार ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

(कु0 कोमल)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सहारनपुर।

पृ0सं0: एस0एस0ए0/के0जी0बी0वि0/ /2026–27 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सादर सूचनार्थ प्रेषित –

01. महानिदेशक महोदया, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
02. जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर
03. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर।

प्रतिलिपि निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

04. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सहारनपुर।
05. जिला समन्वयक, एम.आई.एस. को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त विज्ञप्ति को जनपद की वेबसाईट www.saharanpur.nic.in पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
06. जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा, समग्र शिक्षा, सहारनपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सहारनपुर।

SarkariResult.Com

## कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, जनपद सहारनपुर हेतु
## आवेदन पत्र का प्रारूप सत्र 2026–27 हेतु

1. आवेदित पद का नाम (विषय सहित)....................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम....................................................................
3. पिता/पति का नाम....................................................................
4. जन्मतिथि....................................................आयु 01.04.2026 को....................................................
5. स्थायी पता....................................................................
6. पत्र व्यवहार का पता....................................................................
7. मेल आई डी....................................................................9. आधार संख्या....................................................
10. दूरभाष एवं मोबाईल नं0....................................................................
11. जाति/वर्ग....................................................................
12. के.जी.बी.वी. में अनुभव यदि कोई हो (प्रमाणपत्र संलग्न करें) ....................................................

13. शैक्षिक योग्यता का विवरण :–

| परीक्षा का नाम | वर्ष | समस्त विषय | बोर्ड/ संस्था | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा 8 उत्तीर्ण (रसोईया/चपरासी/चौकीदार पद हेतु) | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| परास्नातक (उच्चीकृत केजीबीवी/बालिका छात्रावास हेतु) | | | | | | |
| प्रशिक्षित स्नातक बी.एड. | | | | | | |
| अन्य (डिग्री, डिप्लोमा आदि) | | | | | | |
| यू.पी.टी.ई.टी./सी.टी.ई.टी. उ0प्रा0स्तर | | | | | | |

संलग्नकों का विवरण:–

1. ....................................................................  5. ....................................................................
2. ....................................................................  6. ....................................................................
3. ....................................................................  7. ....................................................................
4. ....................................................................  8. ....................................................................

मै घोषणा करती हूँ, कि मेरे द्वारा दी गयी समस्त उपरोक्त सूचनाऐं सही है, मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा दी गयी सूचनाऐं गलत पायी जाती हैं, तो मेरा चयन/अभ्यर्थन रद्द कर दिया जाये, इससे मुझे कोई आपत्ति नही है।

दिनांक–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर....................................................

अभ्यर्थी का पूरा नाम....................................................